नवभारत टाइम्स

तेलंगाना में 900 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

भाषा| Jul 11, 2019, 04.05 PM IST

हैदराबाद, 11 जुलाई (भाषा) तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले में बुधवार तड़के 1.92 करोड़ रुपये मूल्य के 960 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया गया और इस सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। डीआरआई की हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी की खुफिया जानकारी मिली और इसके आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने एक माल वाहक को रोका और उसको जब्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि वाहन में रखे सामान के बारे में पूछने पर, उसमें सवार लोगों ने कहा कि वे नारियल और अमरूद के पौधे जिले के जहीराबाद पहुंचाने जा रहे हैं। गहन जांच के बाद अधिकारियों ने 962.7 किलो गांजा बरामद किए। मामले की आगे जांच की जा रही है।